आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– सरकारी सेवा में नियुक्ति से पहले डोप टैस्ट होगा अनिवार्य।
- पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के लिए एक हज़ार एक सौ 89 पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न–प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती जारी।
- चार नगर निगमों सहित जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के मतों की गणना कल–सभी तैयारियां पूरी–सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह लोगों से साझा करेंगे विचार।
- प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में वर्षा से तापमान में गिरावट– कल भी अनेक स्थानों पर वर्षा, बर्फबारी व ओलावृष्टि की संभावना।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सरकारी सेवा में नियुक्ति से पहले अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट अनिवार्य करने और इसके लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित ग्रेच्युटी व अवकाश नकदीकरण के भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने विभागाध्यक्षों को करुणामूलक आधार पर नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों का पूरा विवरण उपलब्ध करवाने को कहा ताकि प्रदेश सरकार इन मामलों में उचित निर्णय ले सके। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए, ताकि इन्हें शीघ्र भरा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में तूफान के कारण वन भूमि पर गिरे और उखड़े पेड़ों को हटाने के लिए एक जून से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

अंतिम चरण–मतदान

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। तीसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार एक सौ 89 पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों और जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्यों के चुनाव के लिए वोट डाले गए। मतदान करीब 80 फीसदी दर्ज किया गया और इस समय प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना का कार्य चल रहा है। लाहौल स्पीति जिले के लाहौल विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में तीसरे चरण के मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देख गया। मतदान कुल 69 दशमलव छः–शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया।

उधर कांगड़ा जिला में आज 2 सौ 77 पंचायतों में मतदान करवाया गया जिसमें करीब 70 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। सोलन जिला में 83 दशमलव आठ–पांच प्रतिशत, चंबा में 85 दशमलव दो–एक, कुल्लू में 84 दशमलव छः–छः प्रतिशत, ऊना में 79 दशमलव 6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पंचायती राज चुनाव के अंतिम चरण में मतदान प्रक्रिया को लेकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में युवा मतदाता जहां उत्साहित नजर आए वही बुजुर्ग मतदाता भी वोट डालने पहुंचे।

नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रजातंत्र की मजबूती जनता की सहभागिता से ही संभव है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वे आज अपने गृह जिला बिलासपुर के झंडुता विधानसभा क्षेत्र की विजयपुर सुंगला पंचायत में मतदान करने के अवसर पर बोल रहे थे।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज सिराज विधानसभा क्षेत्र की गृह पंचायत मुरहाग मतदान केंद्र में वोट डाला और सभी मतदाताओं से ग्रामीण विकास के लिए योग्य प्रतिनिधियों को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर कई तरह के षड़यंत्र अपनाकर पंचायत चुनाव को देरी से करवाने का आरोप लगाया।

अंतिम चरण–2

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विकासखंड के तहत अपनी गृह पंचायत के पनौल मतदान केंद्र में पंचायत चुनाव के लिए मतदान किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की उन्नति के लिए जनता के प्रति समर्पित उम्मीदवारों का चयन जरूरी है।

मतगणना

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों और चार नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन में हुए चुनाव के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के 91 विकाखंडों में कल 31 मई को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सिरमौर जिला के सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव सांख्यान ने बताया कि नाहन में जिला परिषद के 2 वार्डों और 15 पंचायत समिति के वार्डो को गणना की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पंचायत समितियों और उसके बाद जिला परिषद की मतगणना की जाएगी।

उधर कांगड़ा जिला में नगर निगम धर्मशाला व पालमपुर के चुनावों की मतगणना के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने दावा किया है कि प्रदेश के चार नगर निगमों मंडी, धर्मशाला, पालमपुर व सोलन के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। आज शिमला में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है जबकि भाजपा का प्रदेश विरोधी चेहरा पूरी तरह उजागर हो गया है। विनय कुमार ने भाजपा पर आरडीजी बंद करवाने का आरोप भी लगाया।

## धूमल

पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से गांव में सौहार्द, सहभागिता और सुशासन का वातावरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन सकें। वे आज समीरपुर में उनसे मिलने आए दाड़ी व बीड़ बगेहड़ा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत कर रहे थे। धूमल ने सभी जन प्रतिनिधियों से लोगों के जन विश्वास को विकास के संकल्प में बदलने और चुनावी प्रतिस्पर्धा का पीछे छोड़कर एकजुट होकर नए मानदंड स्थापित करने को कहा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

## मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर आज हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा व तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आई हैं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बारिश व बर्फबारी से राजधानी शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों में मौसम सुहावना हो गया है जिसका आनंद लेने के लिए मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है।